>

Title: Need to construct a bridge over the creeck between Bhadeli and Bhagal in Valsad Parliamentary Constituency, Gujarat under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana.

श्री किसनभाई वी. पटेल (वलसाड़) : मेरे संसदीय क्षेत्र बलसाड़, गुजरात के बलसाड़ तहसील में भदेली जगालाला हिंगराज गांव और भागल के बीच प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत दोनों गांवों को जोड़ने के लिए क्रिक के ऊपर पुल का निर्माण कराने की अति आवश्यकता है। दोनों तरफ लगभग 50,000 की आबादी है। भागल और उसके नजदीकी गांव दाण्डी, ककवारी, दॉती इत्यादि गांवों की बहुत बड़ी बस्ती को बलसाड़ तहसील के मुख्य शहर बलसाड़ तक पहुंचने के लिए 25 कि.मी. से ज्यादा का चक्कर लगाना पड़ता है। अगर यह क्रिक जो मात्र 100 मीटर का है, उसके ऊपर पुल निर्माण कर दिया जाता है तो इन गांवों की बहुत बड़ी आबादी को फायदा होगा। ये गाँव तटीय इलाके में हैं जहां वैसे भी समुद्री क्षरण, पीने के पानी एवं सिंचाई के पानी की दुविधा जैसी अनेक समस्याएं हैं। इन गांवों के लोग ज्यादातर नमक पकाने, मच्छली पकड़ने और छोटे-छोटे खेतों में थोड़ी बहुत फसल उगाने का व्यवसाय करते हैं। इस पुल से इस क्षेत्र के लोगों को बहुत सुविधा मिलेगी और इस तटीय क्षेत्र का विकास होगा।

अतः मैं इस सदन के द्वारा माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत भदेली जगालाला हिंगराज गांव और भागल के बीच क्रिक के ऊपर पुल के निर्माण का प्रबंध करें।